# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान

## चक्काजाम कर जताया विरोध, प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ जाम, लेकिन पूरी नहीं हुई मांग



नवभारत न्यूज

**रहली 16 जुलाई. रहली क्षेत्र में यूरिया की भारी किल्लत और वितरण में हो रही देरी से परेशान किसानों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया. शासन-प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ किसानों ने सागर-रहली-जबलपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया था.**

किसानों ने बताया कि वे पहले से डीएपी खाद की कमी से जूझ चुके हैं और अब यूरिया के लिए लाइन में लगने के बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल रही. किसानों को डर था कि कहीं उनके हिस्से की खाद खत्म न हो जाए, इसी आशंका को लेकर उन्होंने विरोध का रास्ता अपनाया.

मौके पर तहसीलदार राजेश पांडे और थाना प्रभारी मौके पर पहुँचे और किसानों से संवाद कर स्थिति को शांत किया. प्रशासन ने किसानों को समझाते हुए आश्वासन दिया कि टोकन सिस्टम के तहत सभी को खाद दी जाएगी, इसके बाद जाम समाप्त हुआ और पुलिस की निगरानी में खाद का वितरण दोबारा शुरू किया गया. उल्लेखनीय है कि मंगलवार को किसानों को टोकन देकर बुधवार को खाद वितरण की जानकारी दी गई थी, लेकिन वितरण सभी केंद्रों पर एकसाथ न होने से किसानों में असंतोष फैल गया.

किसानों का कहना है कि सरकार के पास हर वर्ष की खाद खपत का अनुमान होने के बावजूद समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे फसलों पर असर पड़ता है और अंततः उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है. ग्रामीण अंचल में लगातार बढ़ती खाद की किल्लत अब एक बड़ी समस्या बनती जा रही है. रहली ही नहीं पूरे जिले में यूरिया की कमी को लेकर आक्रोश है. किसान संगठनों ने कहा है कि यदि जल्द ही पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो जिले भर में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.

## खुरई में पौधरोपण कल

**खुरई.** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम माँ नर्मदा के कृपापात्र समर्थ सद्गुरु दादा गुरु के सानिध्य में आयोजित होगा. 18 जुलाई को 11 बजे एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत वायपास रोड स्थित मॉडल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में दादा गुरु शामिल होंगे. उल्लेखनीय है कि समर्थ सद्गुरु दादा गुरु के नाम से प्रसिद्ध संत हैं जो नर्मदा नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने पिछले कई वर्षों से अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया है और केवल नर्मदा जल पर ही आश्रित हैं. उनकी साधना और जीवनशैली ने वैज्ञानिक समुदाय को भी हैरान कर दिया है, वे नर्मदा मिशन के संस्थापक और प्रकृति उपासक हैं. उन्होंने पिछले कई वर्षों से से अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं किया है और केवल नर्मदा जल पर आश्रित हैं. जीवन, प्रकृति और मां नर्मदा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है.

# हृदय व कैंसर रोगियों के लिए ओपीडी हुई शुरु

## विधायक ने किया शिविर का शुभारंभ, हर बुधवार-शुक्रवार मिलेगी विशेषज्ञ सेवाएँ

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जुलाई. हृदय और कैंसर रोगियों के लिए निशुल्क परामर्श एवं इलाज की ओपीडी का शुभारंभ किया गया. यह शिविर डॉ. टिकादार रायल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन ने किया.**

इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि यह पहल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवा को आमजन तक पहुँचाने का यह सराहनीय प्रयास है. जानकारी के अनुसार इस निशुल्क ओपीडी में दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश टिकादार मरीजों को परामर्श देंगे.



प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. टिकादार अब हर बुधवार, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मकरोनिया स्थित डॉक्टर राय हॉस्पिटल में उपस्थित रहेंगे. उनकी देखरेख में ईसीजी, ईको, टीएमटी, हॉल्टर मॉनिटरिंग और पीएफटी जैसी जांचें पूरी तरह निशुल्क की जाएंगी. साथ ही, हार्ट अटैक, हार्ट फेल, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, और पेसमेकर जैसे मामलों में इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा. वहीं कैंसर रोगियों की सुविधा के लिए गुजरात रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद से आए *डॉ. सिद्धार्थ राव प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से निशुल्क परामर्श देंगे. कार्यक्रम में चलित दंत चिकित्सा एंबुलेंस वैन का भी शुभारंभ किया गया. जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर दंत रोगों की जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

## एक नजर में



### किशोरदास महाराज ने शिष्यों को दिया आशीर्वाद

**सागर.** स्वामी महंत किशोर दास देव जू महाराज की भक्तमाल कथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तत्पश्चात् शिष्य मंडल नें गुरूदेव महाराज की विदाई की. महाराज श्री ने कहा गौ सेवा, संत सेवा को समर्पित होकर कार्य करते रहें सभी पर श्री श्यामा श्याम जू की कृपा बरसती रहे. शिष्य मंडल महाराज श्री को पड़रिया धाम तक छोड़ने के लिये गए. किशोरदास महाराज ने शिष्य मंडल के सदस्यों को आर्शीवाद दिया.



### सड़कों को दुरुस्त कराने सौंपा गया ज्ञापन

**बीना.** खिमलासा गेट पर बन रहे ब्रिज की सर्विस रोड न बनने के कारण शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खिमलासा ब्रिज के पास सर्विस रोड शीघ्र बनवाने अंडर ब्रिज पर बनी सड़क को ठीक करने अंडर ब्रिज पर लाइटिंग करने,जल भराव रोकने तथा झांसी ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज रोड की मरम्मत करने तथा शहर की कचरा डिस्पोजल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने आदि समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. भाजपा जिला उपाध्यक्ष एड. संजय सिंह ने बताया कि उक्त समस्याओं को लेकर शहर वासी परेशान है ब्रिज बनाने वाली कंपनियां अपनी मनमानी पर उतारू है जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. श्री सिंह ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा डिस्पोजल की संदर्भ में तहसीलदार से विस्तृत चर्चा की. ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता रतन सिंह यादव, राजा भाई ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद गौरी शंकर राय, अजवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह ठाकुर, राजेश राय, नटवर शास्त्री, सत्येंद्र राजा बुंदेला, जितेंद्र सिंह, विवेक ठाकुर उपस्थित थे.



### ट्रायसाइकिल पाकर खुश हो गया दिव्यांग

**रहली.** वार्ड क्रमांक 02 खमरिया निवासी शंकर साहू जो पैर से दिव्यांग हैं एवं परिवार का भरण पोषण करने वाले मुखिया भी हैं. वार्ड पार्षद प्रियेश पटेरिया द्वारा समस्या से अवगत कराने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने श्री साहू को अपने वाहन से बुलवाया और उन्हें ट्रायसाइकिल भेंट की.



### निशुल्क ड्रेस वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सागर.** सीआर मॉडल स्कूल नरयावली नाका वार्ड में सत्र 2025 -26 में प्रवेश लेने वाले नवीन कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों को नि:शुल्क ड्रेस एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस अवसर पर प्राचार्य आरके सेन कहा कि जो छात्र कमजोर वर्ग व गरीब परिवारों के हैं, उनको विद्या प्रसारणी सभा की अध्यक्ष डॉ मीना पिंपलापुरे की अनुशंसा पर यह ड्रेस दी जाती है ताकि कोई भी विद्यार्थी साधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे. कार्यक्रम में शाला के प्रबंधक डॉ विजय मुणोत का भी सहयोग रहा.

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सागर की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 17 जुलाई गुरुवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी.

# मेनपानी से डीडी कॉम्पलेक्स तक घटिया निर्माण का जाल

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जुलाई. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेनपानी में बनाए गए मकानों की बदहाली को लेकर कांग्रेस पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने विरोध जताया.**

ननि नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने निरीक्षण किया. उन्होने कहा कि जो निर्माण हुआ है, वह घटिया और शर्मनाक है. दीवारों पर हाथ लगाते ही प्लास्टर झड़ रहा है, छतों से पानी टपक रहा है और चैंबर खुले पड़े हैं. जगह-जगह जलभराव की स्थिति है, जिससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है.

नेता प्रतिपक्ष श्री यादव ने कहा कि गरीबों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर ये मकान खरीदे, लेकिन उन्हें जो घर मिले हैं, वो हर पल हादसे को दावत दे रहे हैं. कांग्रेस पार्षदों ने ठेकेदार अनुराग सोनी का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि मेनपानी से लेकर डीडी कॉम्प्लेक्स तक हुए हर निर्माण में खराब गुणवत्ता सामने आई है, फिर भी ननि लगातार उन्हें काम दे रहा है. इस दौरान पार्षद रिचा सिंह, शशि जाटव, नीलोफर अंसारी, रोशनी खान सहित अन्य कांग्रेस पार्षद और स्थानीय रहवासी मौजूद रहे.

# 81 हजार से अधिक की शराब बरामद

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जुलाई. थाना मोतीनगर पुलिस ने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर, अमावनी पहाड़ी क्षेत्र से एक स्विफ्ट कार में भरी भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है. एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, एक अन्य फरार हो गया. जब्त शराब की कीमत 81,257 आँकी गई है, साथ ही 8 लाख की एक कार भी पुलिस ने अपने कब्जे में ली है.**



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमावनी पहाड़ी के पास एक सिल्वर रंग की बिना नंबर प्लेट वाली स्विफ्ट कार में अवैध शराब भरी गई है.थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर घेराबंदी की गई. पुलिस के पहुंचते ही संदिग्ध व्यक्ति पहाड़ी की ओर भाग निकला और फरार हो गया. कार में मौजूद युवक से पूछताछ करने पर नाम कपिल अहिरवार निवासी नई गल्ला मंडी बताया. मिली जानकारी के अनुसार वाहन की तलाशी लेने पर इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की क्वार्टर 48 पाव, जीनीयस डीलक्स व्हिस्की क्वार्टर 197 पाव, मेक डबल व्हिस्की क्वार्टर 96 पाव, लैक पायपर व्हिस्की11 बोतल, हंटर बीयर 60 बोतल, किंगफिशर बीयर 36 बोतल जब्त की गई है.

## जिले में अब तक 564 .4 मिमी वर्षा दर्ज

**सागर.** जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 564.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है. जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 487.0 मि.मी., जैसीनगर में 477.6 मि.मी., राहतगढ़ में 735.2 मि.मी., बीना में 415.6 मि.मी., खुरई में 589.7 मि.मी, मालथौन में 529.3 मि.मी., बण्डा में 627.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 557.2 मि.मी, रहली में 532.1 मि.मी, देवरी में 588.7 मि.मी. तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है.

# जैन मिलन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 16 जुलाई. गुजरात के जूनागढ़ स्थित पवित्र गिरनार पर्वत की पंचमी टोंक पर जैन धर्मावलंबियों को दर्शन व पूजा से वंचित किए जाने के विरोध में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.**



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गिरनार पर्वत की पंचमी टोंक जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी का मोक्ष स्थल है, जो जैन समाज के लिए अत्यंत पूजनीय है. हजारों की संख्या में पहुंचे जैन श्रद्धालुओं को इस पवित्र स्थल पर न तो दर्शन की अनुमति दी गई, न ही पूजा सामग्री चढ़ाने दी गई, यहां तक कि जयकारा लगाने, निर्वाण लाडू चढ़ाने तथा पूजन से संबंधित धार्मिक परंपराओं का पालन करने से भी रोका गया. इस ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व कमलेंद्र जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया.

इस अवसर पर गुलजारीलाल जैन, अरुण चंदेरिया, सुरेश जैन अध्यक्ष, जैन मिलन मकरोनिया, प्रमोद भायजी, संजय जैन शक्कर, महेश जैन, वीरेंद्र जैन, अजीत जैन, मनीष विद्यार्थी, राजेश जैन प्राचार्य, पीसी जैन, प्रवीण सिंघई, ऋषभ जैन, विजय अरिहंत, विमल सतभैया, रविंद्र जैन, हेमचंद जैन, राकेश जैन, मंजू सतभैया, शशी सतभैया मौजूद रहीं.

## विवि में पंजीयन प्रारंभ

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठयक्रमों में सत्र 2025-26 प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल खुल गया है. जिन आवेदकों ने नेशनल टेस्ट एजेन्सी द्वारा ली गयी प्रवेश परीक्षा दी है तथा उस परीक्षा के अंक प्राप्त किये है, केवल वे ही आवेदक समर्थ पोर्टल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने की पात्रता रखते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 जुलाई रात्रि 11.59 तक है. प्रवेश प्रकोष्ठ के मुख्य समन्वयक प्रो. दिवाकर शुक्ला ने बताया कि कुल 14 विषय समूहों में स्नातक की प्रवेश प्रक्रिया काउन्सिलिंग के माध्यम से सम्पन्न होगी.

# सड़कों पर बैठ रहे आवारा पशु



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 16 जुलाई. ग्राम पंचायत गुगवारा में गौरझामर से भोपाल मार्ग में सीसी रोड जो आगे जाकर नेशनल हाईवे को जोड़ता है.**

जानकारी के अनुसार यहां पर रोड के बीचों बीच आवारा पशु बैठ जाते है जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं कभी-कभी वाहन चालक, कभी पशु भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं. कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देशों के बाद भी ग्राम पंचायत गुगवारा ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है.

# कर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 16 जुलाई. राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अधिनियम की धारा 79 के तहत की जा रही कार्यवाहियों के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्य कर विभाग के उपायुक्त को सौंपा.**

व्यापारियों का आरोप है कि मामूली बकाया राशि पर भी दमनकारी नीति अपनाते हुए न केवल बैंक खाते सीज किए जा रहे हैं, बल्कि स्कूटी, वाहन और घरों में रखा फर्नीचर तक जब्त कर सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है. ज्ञापन में हाल की दो घटनाओं का जिक्र किया गया है कि 5 हजार रुपये की वसूली पर स्कूटी जब्त की गई और 10 हजार रुपये की वसूली पर घर से पुराना सोफा उठाया गया. व्यापारियों ने इसे अपमानजनक और असंवैधानिक बताते हुए धारा 79 के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाने की मांग की. इस दौरान महेंद्र जैन मयूर, प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, एड. अभय जैन, एड. पंकज जैन, नवीन सिंघई, अशोक अनौरा, सतीश जैन, राजीव सुडेले, मनोज सोनी मौजूद थे.

## महिला ने लगाई फांसी

**ललितपुर.** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर में विवाहिता ने मायके मेंसुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत है. परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया गया है कि शाबरीन पत्नी आमिर ने कमरे में सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली. महिला की शादी टीकमगढ़ में हुई थी. कुछ दिनों पूर्व ही महिला ससुराल से मायके आई हुई थी. मायकेजनों ने बताया कि शाबरीन सुबह खाना खाकर कमरे में चली गई थी. काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजन उसे खोजने के लिए गये, जहां उन्होंने देखा कि महिला फांसी के फंदे पर झूल रही. मृतका के पास से सुसाइड नोट भी मिला है. जिसमें ससुरालीजनों पर आत्महत्या को प्रेरित किये जाने के आरोप लगाये है.

# कचरे से उठती बीमारी की दुर्गंध में घिरा शहर

## पूर्व विधायक बोले कचरा प्रबंधन का कोई विकल्प नहीं, बीमारी मत फैलाओ

नवभारत न्यूज

**बीना 16 जुलाई. नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है. ग्रामीणजन अब साफ तौर पर विरोध में आ चुके हैं. फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट पर कचरा डंप किए जाने को लेकर बीते एक माह से गंदगी और बदबू से परेशान ग्रामीणों ने कचरा ले जाने वाली गाड़ियों को रोक दिया है.**

नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, सीएमओ आरपी. जगनेरिया और कचरा कलेक्शन कंपनी एवी इंफ्रा के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने गांव पहुंचे, लेकिन विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा. ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी से बीमारियां फैल रही हैं और सहनशक्ति जवाब दे चुकी है.




इस दौरान पूर्व विधायक महेश राय भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों की बात सुनने के बाद सीएमओ से तीखे शब्दों में कहा कचरा प्रबंधन का कोई विकल्प नहीं है तो बीमारी मत फैलाओ, गांव वाले सालों से चुप थे, आज सड़क पर क्यों हैं सोचो? शहर से बाहर ज़मीन अलॉट कराओ और वहां कचरा डंप कराओ. एवी इंफ्रा के ऑनर अवधेश सिंह राजपूत ने बताया कि प्लांट से पहले से पड़ा सारा कचरा हटा दिया गया है और अब रोजाना सागर भेजने की व्यवस्था कर ली गई है. प्लांट पर सिर्फ एक कंटेनर खड़ा रहेगा, जिसमें पूरे दिन का कचरा भरकर सागर भेजा जाएगा. सीएमओ श्री जगनेरिया ने भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कोई नई गंदगी नहीं फैलाई जाएगी, लेकिन इसके बावजूद विरोध जारी है.

# एसडीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 16 जुलाई. एसडीएम अशोक सेन ने शासकीय आईटीआई केंद्र, बालक छत्रावास, शासकीय उर्दू प्राथमिक शाला, प्राथमिक बालक एवं प्राथमिक कन्या शाला का निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान सभी जगह कुछ ना कुछ कमियां देखने को मिली. उर्दू शाला में स्कूली बच्चों की संख्या कम रहने पर एवं साफ-सफाई ना होने पर शिक्षिका को शिक्षा व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए. साथ ही अनुपस्थित मिले अतिथि शिक्षक का एक दिन का वेतन काटने को बीआरसी को आदेशित किया. प्राथमिक बालक शाला में स्कूली बच्चे प्रांगण में खेलते नजर आए शिक्षक एक जगह बैठे मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी दिखाई. स्कूलों में बारिश का पानी लीकेज होने पर पन्नी, तिरपाल, डालकर कक्षा सुरक्षित करने की करने के लिए निर्देश दिए.

कन्या शाला में बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर नाराजगी जताई. पुस्तक वितरित ना करने पर संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही के लिए बीआरसीसी को आदेशित किया. एसडीएम श्री सेन ने कहा कि शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे, स्कूल में जो भी कमियां हैं उसे पूरी करें. कार्य के प्रति लापरवाही ना करें.

# समस्याओं के निराकरण के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सागर 16 जुलाई. नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आयोजित की गई.**

जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए. नागरिक जिनमें उत्तम यादव, मुहम्मद निसार, पूरन नन्हेलाल शामिल थे. जनसुनवाई में एसएस बघेल,कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी आदि मौजूद थे.

## 173 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर.** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 173 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं दिया लहरवानी पत्नी नितेश लहरवानी निवासी-321, लहरवानी गली संत कंवर राम वार्ड, सागर म.प्र.।

सूचित करती हूं कि मेरी स्कूल अंकसूची में मेरा नाम पूर्णिमा पमनानी पिता रमेश कुमार पमनानी दर्ज है जो कि मेरे विवाह उपरांत मैने मेरा नाम बदलकर दिया लहरवानी पत्नी नितेश लहरवानी कर दिया है जो कि मेरे मौजूदा समस्त सरकारी दस्तवेज़ों में दर्ज है। अतः मैं सूचित करती हूं कि भविष्य में मुझे मेरे सही नाम यानी दिया लहरवानी पत्नी नितेश लहरवानी के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
दिया लहरवानी पत्नी नितेश लहरवानी : निवासी-321, लहरवानी गली संत कंवर राम वार्ड, सागर, तहसील व जिला सागर म.प्र.